क्या क्या देखूँ सांवरे

क्या क्या देखूं सांवरे ,
ये कुंडल या ये घुंघराले बाल क्या सांवरे,
ये नैन कजरारे या नैनो की धार क्या सांवरे,

होंठों की लाली या प्यारी मुस्कान,
क्या सांवरे

ये मधुर बांसुरी या सुर ताल,
क्या सांवरे

ये सुंदर नूपुर या टेड़ी चाल,
क्या सांवरे

ये पीला पीतांबर या मुकुट की शान,
क्या सांवरे

ये मोर पंख या कदंब की डाल,
क्या सांवरे

ये तेरा प्यार या रुप अपार
क्या सांवरे

कहां से लाऊं शब्द जो तुझे दे शब्दों में उतार,
क्या सांवरे

तेरी छवि निराली है मेरे सरताज,
क्या सांवरे

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/12194/title/kya-kya-dekhu-saavre

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |